कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों
प्रेस नोट

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में थानाधिकारी झंवर 50,000 रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर दिनांक 15 जनवरी 2025, एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जोधपुर शहर द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए श्री मूलाराम चौधरी निरीक्षक पुलिस थानाधिकारी पुलिस थाना झंवर पुलिस आयुक्तालय जोधपुर को 50,000 रूपयें रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के महानिदेशक पुलिस श्री डा. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी की जोधपुर शहर ईकाई कों एक शिकायत इस आशय की मिली कि झंवर थानें में दर्ज प्रकरण में मामले को रफा दफा करनें एवं परिवादी के पक्ष में कार्यवाही करनें की एवज में 50000 रूपयें रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर श्री हरेन्द्र महावर उप महानिरीक्षक पुलिस के सुपरविजन में श्री चक्रवर्ती सिह राठौड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर शहर के नेतृव में श्री मनीष वैष्णव निरीक्षक पुलिस मय श्री किशन सिंह चारण उप अधीक्षक पुलिस मय जाब्ता के ट्रेप कार्यवाही करतें हुए आरोपी श्री मूलाराम चौधरी थानाधिकारी झंवर, पुलिस आयुक्तालय जोधपुर पश्चिम को 50,000 रूपयें रिश्वत राशि लेतें हुए गिरप्तार किया गया है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामलें में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।